अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) : ____________

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ____________

[कुल प्रश्नों की संख्या : **20**] [Total No. of Questions: **20**]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : **04**] [Total No. of Printed Pages : **04**]

[समय : **3.15** घंटे] [Time: **3.15** Hours]
[पूर्णांक : **70**] [Maximum Marks : **70**]

# कक्षा 9वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024–25
# Class 9th Half Yearly Examination, 2024-25
# सामाजिक विज्ञान / SOCIAL SCIENCE
# [ 904 ]

***सामान्य अनुदेश :***

1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित है।

***General Instructions :***

1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

प्र.1 **वस्तुनिष्ठ प्रश्न / Objective questions –**

(i) फ्रांसीसी क्रान्ति के दौरान फ्रांस की राजगद्दी पर कौन बैठा था? **(1)**

(अ) लुईस XVI (ब) लुईस X (स) नेपोलियन (द) निकोलस II

Who ascended the throne of France during the French Revolution?

(a) Louis XVI (b) Louis X (c) Napoleon (d) Nicholas II

(ii) रूस में 'खूनी रविवार' के अवसर पर श्रमिकों के जुलूस का नेतृत्व किसने किया? **(1)**

(अ) फादर गैपोन (ब) लेनिन (स) केरेन्सकी (द) स्टालिन

Who led the procession of workers to the event 'Bloody Sunday' in Russia?

(a) Father Gapon (b) Lenin (c) Kerensky (d) Stalin

(iii) निम्नलिखित में से कौनसा भारत के उत्तर–पश्चिमी भाग में सर्दियों के दौरान वर्षा का कारण बनता है? **(1)**

(अ) चक्रवाती अवदाब (ब) पश्चिमी विक्षोभ
(स) मानसून की वापसी (द) दक्षिण–पश्चिम मानसून

Which one of the following causes rainfall during winter in north-western part in India?

(a) Cyclonic depression (b) Western disturbances
(c) Retreating monsoon (d) Southwest monsoon

(iv) लोकतंत्र सरकार का वह रूप है, जिसमें शासकों का चुनाव किया जाता है – **(1)**

(अ) राजा द्वारा (ब) जनता द्वारा (स) धनवान लोगों द्वारा (द) ऊपर के सभी

Democracy is a form of Government in which the rulers are elected by -

(a) The king (b) The people (c) Rich people (d) All of the above

(v) संविधान सभा की पहली बैठक कब आयोजित हुई थी? **(1)**

(अ) 1946 (ब) 1940 (स) 1935 (द) 1949

When was the first meeting of the Constituent Assembly held?

(a) 1946 (b) 1940 (c) 1935 (d) 1949

(vi) ईवीएम का क्या मतलब है? **(1)**

(अ) इलेक्ट्रॉनिक वोल्ट मशीन (ब) इलेक्ट्रॉनिक वेंडिंग मशीन
(स) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (द) इनमें से कोई नहीं

What does EVM stand for?

(a) Electronic Volt Machine (b) Electronic Vending Machine
(c) Electronic Voting Machine (d) None of these

(vii) निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक कार्यपालिका का हिस्सा है? (1)

(अ) जिला कलेक्टर (ब) गृह मंत्रालय के सचिव

(स) गृहमंत्री (द) पुलिस महानिदेशक

Who among the following is a part of the Political Executive?

(a) District Collector
(b) Secretary of the Ministry of Home Affairs
(c) Home Minister
(d) Director General of Police

(viii) निम्नलिखित में से कौनसी अचल पूंजी है? (1)

(अ) उपकरण और मशीनें (ब) उर्वरक और कीटनाशक

(स) मिट्टी (द) बीज

Which of the following is fixed capital?

(a) Tools and machines (b) Fertilisers and pesticides

(c) Soil (d) Seeds

(ix) निम्नलिखित में से कौनसी एक प्राथमिक गतिविधि है? (1)

(अ) परिवहन (ब) मछली पालन (स) व्यापार (द) पर्यटन

Which of the following is a primary activity?

(a) Transport (b) Fishing (c) Trade (d) Tourism

(x) ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन औसत कैलोरी की आवश्यकता होती है – (1)

(अ) 2100 कैलोरी (ब) 3000 कैलोरी (स) 2400 कैलोरी (द) 1700 कैलोरी

In rural areas, average calories required per person per day are –

(a) 2100 calories (b) 3000 calories (c) 2400 calories (d) 1700 calories

**प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए / Fill in the blanks –** (1×8=8)

(i) टू ट्रीटीज़ ऑफ गवर्नमेंट .................................................... द्वारा लिखी गई।

Two Treaties of Government was written by .................................................. .

(ii) .................................................................... बोल्शेविक समूह का नेता था।

.................................................... was the leader of the Bolshevik Group.

(iii) भारत की जलवायु को .................................................... प्रकार का बताया गया है।

The climate of India is described as .................................................... type.

(iv) ज़िम्बाब्वे को श्वेत अल्पसंख्यक शासन से स्वतंत्रता वर्ष ......................... में प्राप्त हुई।

Zimbabwe attained independence from white minorities rule in the year ............

(v) ...................... दक्षिण अफ्रीका में नस्लीय भेदभाव की एक अनूठी प्रणाली का नाम था।

.................... was the name of a system of racial discrimination unique to South Africa.

(vi) मतदाता सूची को आधिकारिक तौर पर .............................. के नाम से जाना जाता है।

Voter List is officially known as .................................................... .

(vii) .................................................... पालमपुर गाँव की मुख्य आर्थिक गतिविधि है।

...................................... is the main economic activity of the village Palampur.

(viii) जनसंख्या की गुणवत्ता अंततः देश का .................................................... तय करती है।

The quality of the population ultimately decides the .................. of the country.

**प्र.3 अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न / Very short answer type questions -**

(i) क्रांति से पहले फ्रांसीसी समाज जिन तीन 'एस्टेटों' में विभाजित था, उनके नाम बताइए। (1)

Name the three 'Estates' into which the French Society was divided before the Revolution?

(ii) 'कुलकों' के बारे में आप क्या जानते हैं?
What do you know about 'Kulaks'? (1)

(iii) भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं?
What are the factors affecting the climate of India? (1)

(iv) मालाबार तट पर वर्षा के लिए कौनसी हवाएँ जिम्मेदार हैं?
Which winds account for rainfall along the Malabar Coast? (1)

(v) अब्राहम लिंकन द्वारा दी गई लोकतंत्र की परिभाषा लिखिए।
Write the definition of Democracy given by Abraham Lincoln. (1)

(vi) भारतीय संसद के कितने सदन हैं? नाम लिखिए।
How many Houses of Indian Parliament are there? Write names. (1)

(vii) बिजली के प्रसार से पालमपुर के किसानों को किस प्रकार मदद मिली?
How did the spread of electricity help farmers in Palampur? (1)

(viii) पालमपुर में खेत मजदूरों की मजदूरी न्यूनतम मजदूरी से कम क्यों है?
Why are the wages of farm labourers in Palampur less than minimum wages? (1)

(ix) 'संसाधन के रूप में लोग' से आप क्या समझते हैं?
What do you understand by 'People as a Resource'? (1)

(x) निर्धनों में भी सबसे निर्धन कौन है?
Who are the poorest of the poor? (1)

**लघुत्तरात्मक प्रश्न – I / Short Answer type Questions – I**

प्र.4 1917 में ज़ार का निरंकुश शासन क्यों खत्म हो गया?
Why did the Tsarist autocracy collapsed in 1917? (1.5)

प्र.5 प्रथम विश्व युद्ध का रूसी अर्थव्यवस्था पर प्रभाव का संक्षेप में वर्णन कीजिए।
Describe briefly the effects of the First World War on the Russian Economy. (1.5)

प्र.6 अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय पश्चिम में गुजरात की अपेक्षा दो घण्टे पहले होता है, लेकिन दोनों राज्यों में घड़ियां एक ही समय दर्शाती हैं। यह किस प्रकार होता है?
The sun rises two hours earlier in Arunachal Pradesh as compared to Gujarat in the west, but the watches show the same time. How does this happen? (1.5)

प्र.7 हिन्द महासागर के शीर्ष पर भारत का केन्द्रीय स्थान महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है?
The central location of India at the head of the Indian Ocean is considered of great significance. Why? (1.5)

प्र.8 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की मुख्य विशेषताएं क्या हैं?
What are the main features of the National Rural Employment Guarantee Act, 2005? (1.5)

प्र.9 उन सामाजिक और आर्थिक समूहों की पहचान करें, जो भारत में निर्धनता के समक्ष निरुपाय (अति संवेदनशील) हैं।
Identify the social and economic groups, which are most vulnerable to poverty in India. (1.5)

**लघुत्तरात्मक प्रश्न – II / Short Answer type Questions – II**

प्र.10 नदियाँ देश की अर्थव्यवस्था के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण हैं?
Why are rivers important for the country's economy? (2)

प्र.11 लोकतंत्र के विपक्ष में प्रमुख तर्क बताइए।
Explain the major arguments against democracy. (2)

प्र.12 हमें संविधान की आवश्यकता क्यों है? समझाइए।
Why do we need a Constitution? Explain. (2)

प्र.13 आम चुनाव और उप–चुनाव में अन्तर बताइए।
Difference between General Election and By-Election. (2)

प्र.14 मण्डल आयोग की नियुक्ति क्यों की गई? इसने सरकार को क्या सिफारिशें कीं?
Why was the Mandal Commission appointed? What did it recommend to the Government? (2)

प्र.15 एक ही भूमि पर उत्पादन बढ़ाने के अलग–अलग कौनसे तरीके हैं? समझाने के लिए उदाहरणों का प्रयोग कीजिए। (2)

What are the different ways of increasing production on the same piece of land? Use examples to explain.

**दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न / Long Answer type Questions -**

प्र.16 नेपोलियन के उदय को कैसे समझाया जा सकता है? (3)

How would you explain the rise of Napoleon?

प्र.17 पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए। (3)

Differentiate between Western Ghats and Eastern Ghats.

प्र.18 शिक्षित बेरोजगारी भारत की एक विचित्र समस्या क्यों है? (3)

Why is educated unemployment a peculiar problem of India?

**निबन्धात्मक प्रश्न / Essay Type Questions –**

प्र.19 इस बारे में वर्णन कीजिए कि 1930 तक आते–आते जर्मनी के नाज़ीवाद की लोकप्रियता क्यों बढ़ने लगी? (6)

Describe why Nazism became popular in Germany by 1930?

**अथवा / OR**

नात्सियों का प्रोपेगैंडा यहूदियों के खिलाफ नफरत पैदा करने में असरदार कैसे रहा?

Explain why Nazi propaganda was effective in creating a hatred for Jews?

प्र.20 भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए – (6)

(अ) त्रिपुरा (ब) उड़ीसा (स) अरावली पर्वत
(द) छोटा नागपुर पठार (य) वूलर झील (र) नर्मदा नदी

Show the following places on the Map of India -

(a) Tripura (b) Odisha (c) Aravalli Mountain
(d) Chota Nagpur Plateau (e) Wular Lake (f) Narmada River

**अथवा / OR**

भारत में मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए –

(अ) महाराष्ट्र (ब) हरियाणा (स) हिमालय पर्वत
(द) थार का मरुस्थल (य) सांभर झील (र) गोदावरी नदी

Show the following places on the Map of India -

(a) Maharashtra (b) Haryana (c) Himalayan Mountain
(d) Thar Desert (e) Sambhar Lake (f) Godavari River

-----------------------------------------------